समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# अडानी-अंबानी डील : पेट्रोल, डीजल और CNG एक ही स्टेशन पर, जानिए क्यों साथ आए देश के दो दिग्गज कारोबारी।

Publisher

Published on 26 Jun 2025




## दोनों उद्योगपतियों के बीच हुई ऐतिहासिक डील से ग्राहकों को एक ही स्टेशन पर मिलेगा पेट्रोल, डीजल और CNG – फ्यूल सेक्टर मे नंई क्रांति की शुरुआत!

**बिज़नेस न्यूज़ :** भारत के दो सबसे बड़े उद्योगपतियों **मुकेश अंबानी** और **गौतम अडानी** एक बार फिर साथ आए हैं। इस बार उनका गठबंधन **ऑटोमोटिव फ्यूल मार्केट** में एक नया अध्याय लिखने जा रहा है।
**रिलायंस बीपी मोबिलिटी लिमिटेड (Jio-bp)** और **अडानी टोटल गैस लिमिटेड (ATGL)** के बीच हुई एक बड़ी रणनीतिक डील से देश भर में **पेट्रोल, डीजल** और **CNG की उपलब्धता** और सुगमता दोनों बढ़ेगी।

**डील का उद्देश्य और फायदा**
इस समझौते के तहत:
१. **ATGL के पेट्रोल पंपों पर Jio-bp का पेट्रोल और डीजल उपलब्ध कराया जाएगा।**
२. **वहीं, Jio-bp के पेट्रोल पंपों पर ATGL के CNG स्टेशन स्थापित किए जाएंगे।**
३. **इस सहयोग से ग्राहकों को एक ही स्टेशन पर तीनों फ्यूल विकल्प मिलेगें—पेट्रोल, डीजल और CNG, जिससे न केवल सुविधा बढ़ेगी बल्कि ईंधन की उपलब्धता भी बेहतर होगी।**

**कितने पेट्रोल पंप और स्टेशन होंगे कवर ?**
१. **Jio-bp के पास देशभर मे 1,972 पेट्रोल पंप है।**

२. **ATGL के पास 650 से अधिक CNG स्टेशन है।**
३. **अब ये सभी आउटलेट इस साझेदारी का हिस्सा बनेगें, और भविष्य मे बंनने वाले नए आउटलेट्स को भी इसमे शामिल किया जाएगा।**

### इससे पहले भी साथ आ चुके है दोनों दिग्गज

यह पहली बार नहीं है जब **अडानी** और **अंबानी** किसी परियोजना में एक साथ आए हैं। मार्च 2025 में, **रिलायंस इंडस्ट्रीज** ने **अडानी पावर** के मध्य प्रदेश स्थित एक पावर प्रोजेक्ट में **26% हिस्सेदारी** खरीदी थी। इसके साथ ही **500 मेगावाट बिजली** खरीदने का भी करार हुआ था।

### रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र मे अंलग-अलग रास्ते, लेकिन समान लक्ष्य

हालांकि दोनों दिग्गजों की कंपनियां अलग-अलग क्षेत्रों में अग्रणी हैं, फिर भी दोनों का फोकस अब ग्रीन एनर्जी और स्वच्छ भविष्य पर है:
१. **अडानी ग्रुप गुजरात मे 30 गीगावाट की क्षमता वाला दुनिया का सबसे बड़ा सोलर पार्क बना रहा है।**
२. **वहीं रिलायंस जामनगर मे ग्रींन हाइड्रोजन, सोलर पैनल, बैटरियां और फ्यूल सेल के लिए चार गीगाफैक्ट्रीज़ बना रही है।**

### क्या कहती है इंडस्ट्री ?

इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स के मुताबिक, यह डील केवल **फ्यूल उपलब्धता** ही नहीं, बल्कि भारत में **मल्टी-एनर्जी इनोवेशन** को आगे ले जाने का एक मजबूत संकेत है। यह साझेदारी दर्शाती है कि देश के दो सबसे बड़े **बिजनेस हाउस** प्रतिस्पर्धा के बजाय सहयोग से आगे बढ़ने का रास्ता अपना रहे हैं।

**अंबानी** और **अडानी** के इस गठबंधन से न सिर्फ उनकी कंपनियों को लाभ होगा, बल्कि देश के करोड़ों ग्राहकों को भी राहत मिलेगी। आने वाले समय में यह डील **भारतीय ऑटोमोटिव सेक्टर** में बड़े बदलाव की नींव रख सकती है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.